DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA

PERIODIC ASSESSMENT-I, 2023-24

कक्षा- दसवीं

विषय - हिंदी 'ब'

समय- 1 घंटे 30 मिनट **पूर्णांक - 40**

- Check the question paper contains 4 printed pages.
- Check the question paper contains 9 questions.
- Write down the Serial Number of the question paper in the left side of the margin before attempting it

सामान्य निर्देश:-

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग ,घ
- चारों खंड अनिवार्य हैं।
- यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।
- कृपया प्रश्नों का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए|

खंड-क (अपठित गद्यांश)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (1X5=5)

कहा जाता है कि हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमज़ोर है तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं। वे प्रायः अव्यवस्थित हैं, अमर्यादित हैं और अधिकांशतः निष्ठा और कर्मठता से संपन्न नहीं हैं। हमारी राजनीति का स्तर प्रत्येक दृष्टि से गिरता जा रहा है। लगता है उसमें सुयोग्य और सच्चरित्र लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र के मूल में लोकनिष्ठा होनी चाहिए, लोकमंगल की भावना और लोकानुभूति होनी चाहिए और लोकसंपर्क होना चाहिए। हमारे लोकतंत्र में इन आधारभूत तत्वों की कमी होने लगी है, इसलिए लोकतंत्र कमज़ोर दिखाई पड़ता है। हम प्रायः सोचते हैं कि हमारा देश-प्रेम कहाँ चला गया, देश के लिए कुछ करने, मर-मिटने की भावना कहाँ चली गई ? त्याग और बलिदान के आदर्श कैसे, कहाँ लुप्त हो गए? आज हमारे लोकतंत्र को स्वार्थांधता का घुन लग गया है। क्या राजनीतिज्ञ, क्या अफसर, अधिकांश यही सोचते हैं कि वे किस तरह से स्थिति का लाभ उठाएँ, किस तरह एक-दूसरे का इस्तेमाल करें। आम आदमी अपने आपको लाचार पाता है और ऐसी स्थिति में उसकी लोकतांत्रिक आस्थाएँ डगमगाने लगती हैं। लोकतंत्र की सफलता के लिए हमें समर्थ और सक्षम नेतृत्व चाहिए, एक नई दृष्टि, एक नई प्रेरणा, एक नई संवेदना, एक नया आत्मविश्वास, एक नया संकल्प और समर्पण आवश्यक है। लोकतंत्र की सफलता के लिए हम सब अपने आप से पूछें कि हम देश

के लिए, लोकतंत्र के लिए क्या कर सकते हैं ? और हम सिर्फ पूछकर ही न रह जाएँ, बल्कि संगठित होकर समझदारी, विवेक और संतुलन से लोकतंत्र को सफल और सार्थक बनाने में लग जाएँ।

(क) हमारे लोकतंत्र की कमज़ोरी का कारण क्या है ? (1)

(ख) आज राजनीति का स्तर क्यों गिरता जा रहा है ? (1)

(ग) लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए क्या करना चाहिए ? (1)

(घ) आम आदमी की लोकतांत्रिक आस्थाएँ क्यों डगमगाने लगती हैं ? (1)

(ड.) प्रस्तुत गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए । (1)

खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न 2. **निर्देशानुसार समास पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**| **(1x5=5)**

(क) 'गंगाजल' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है**?**

(ख) 'आजन्म' समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए**|**

(ग) 'अपना और पराया' पद को समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए**|**

(घ) 'नीलकमल' समस्त पद का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए**|**

(ङ) अव्ययीभाव समास में ----- पद प्रधान होता है । (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

प्रश्न 3. **निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **(1x5=5)**

(क) 'खून जलाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए**|**

(ख) 'ज़हर लगना' मुहावरे का अर्थ लिखिए**|**

(ग) बड़े भाई की ---------- से छोटा भाई बहुत दुखी हो जाता था। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए)

(घ) सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ------------- हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए**|**)

(ड.) 'सिर पर नंगी तलवार लटकना' मुहावरे को वाक्य में प्रयोग कीजिए**|**

खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)

4 . निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में लिखिए - **(1X4=4)**

(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर बताइए कि कथा नायक की रुचि किन-किन कार्यों में थी ?

(ख) लेखक अपने ही बनाए गए टाइम टेबल पर अमल क्यों नहीं कर पाता था?

(ग) बड़े भाई साहब कनकौए उड़ाना चाहते थे, परंतु किस कारण वे ऐसा नहीं कर पाते थे

(घ) बड़े भाई ने लेखक को कौन - सा डर दिखाया ?

5. बड़े और छोटे भाई के संबंधों का विवरण देते हुए बताइए कि आपको 'बड़े भाई साहब' कहानी से क्या शिक्षा मिलती है ? **(3X1=3)**

6. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में लिखिए - **(1X4=4)**

(क) कबीर के अनुसार कैसे व्यक्ति को अपने पास कुटिया बना कर रखना चाहिए ?

(ख) राम से अलग होकर भक्त की कैसी दशा हो ज़ाती है |

(ग) कबीर के अनुसार सच्चा पंडित कौन है ?

(घ) हमें अहंकार त्याग कर मीठी वाणी क्यों बोलनी चाहिए?

7. दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है ? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए | **(3X1=3)**

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए | **(3X2=6)**

(i) हरिहर काका अपने ही गाँव में चर्चा का केंद्र बिंदु बन गए थे । इसके पीछे के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

(ii) हरिहर काका कहानी अंध भक्ति को उजागर करती है। उदाहरण सहित लिखिए।

खंड - घ (लेखन)

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- **(5X1=5)**

(i) विद्यार्थी जीवन और चरित्र निर्माण

- संपूर्ण जीवन की आधारशिला
- चरित्र निर्माण की आवश्यकता
- देश व समाज के लिए उपयोगी

(ii) महानगरों की दौड़ती हुई ज़िंदगी

- कैसे
- कारण
- आवश्यकताओं में वृद्धि
- क्या करें ?